Roll No

# 11001

## कक्षा 11वीं वार्षिक परीक्षा, 2022-23

[051]

# HINDI

# हिन्दी

[Total No. of Questions: 23] [Total No. of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 80]

*निर्देश –*

*(1) इस प्रश्न पत्र में कुल 23 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।*

*(2) प्रश्न क्रमांक 01 से 05 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। इनके लिए 1X32=32 अंक निर्धारित हैं।*

*(3) प्रश्न क्रमांक 06 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। (शब्द सीमा लगभग 30 शब्द)*

*(4) प्रश्न क्रमांक 06 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। इन प्रश्नों में प्रत्येक में केवल एक ही प्रश्न का उत्तर लिखिए।*

*(5) प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। (शब्द सीमा लगभग 75 शब्द)*

*(6) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। (शब्द सीमा लगभग 120 शब्द)*

प्र1 निम्नलिखित प्रश्नों मे से सही विकल्प का चयन कर लिखिए – (1X6=6)

(i) चिराग मयस्सर नहीं हैं –

(अ) शहर को (ब) देश को

(स) हर घर को (द) जनता को

(ii) 'करत करत अभ्यास ते जड़मति होत सुजान, रसरी आवत जात ते सिल पर परत निशान' पंक्ति में अलंकार है –

(अ) विरोधाभास (ब) दृष्टांत

(स) व्यतिरेक (द) विभावना

(iii) 'गलता लोहा' कहानी में गोपाल सिंह है –

(अ) सब्जीवाला (ब) गीतकार

(स) दुकानदार (द) अध्यापक

(iv) क्षेत्र का तद्भव है –

(अ) घर (ब) मैदान

(स) क्षेत्रफल (द) खेत

(v) मधुबनी चित्रकला किस प्रांत की है?

(अ) मिथिला (ब) उड़ीसा

(स) महाराष्ट्र (द) मध्यप्रदेश

(vi) बायोडाटा की भाषा होनी चाहिए –

(अ) आलंकारिक (ब) सरल एवं सीधी

(स) घुमावदार (द) चौंकाने वाली

प्र.2 निम्नलिखित रिक्त स्थान में से सही शब्द का चयन कर लिखिए – (1×7=7)

(i) मीराबाई के साहित्य की भाषा .................................. है। (बुंदेली / राजस्थानी / अवधी)

(ii) दुष्यंत कुमार के अनुसार .................................................................. में धूप लगती है।

(दरख्तों के साए में / पिता के साए में / माता के साए में)

(iii) संचारी भावों की संख्या ........................................................ होती है। (31 / 32 / 33)

(iv) 'विदाई संभाषण' चर्चित व्यंग्य .................................................................. का अंश है।

(शिव शंभु के चिट्ठे / चिट्ठे और खत / पिता के चिट्ठे)

(v) 'वह परिश्रम करता तो अधिक सफल होता' ................................................ वाक्य है।

(संदेहवाचक / संकेतवाचक / विधिवाचक)

(vi) सीधे बरसात से मिलने वाला पानी ............................................................................ है।

(रैजाणीपानी / पालरपानी / पातालपानी)

(vii) संचार प्रक्रिया में प्राप्तकर्ता की प्रतिक्रिया को .................................................. कहते हैं।

(फीडबैक / रिस्पॉन्स / कमबैक)

प्र.3 निम्नलिखित जोड़ियों का सही मिलान कर लिखिए – (1×6=6)

| स्तम्भ (अ) | स्तम्भ (ब) |
| --- | --- |
| (i) कविता का गांधी | (क) पश्चाताप करना |
| (ii) संतन ढिग बैठी–बैठी | (ख) 'गलता लोहा' |
| (iii) शेखर जोशी | (ग) तमिलनाडु |
| (iv) हाथ मलना | (घ) भवानी प्रसाद मिश्र |
| (v) भरतनाट्यम | (ङ) स्मरण पत्र (रिमाइन्डर) |
| (vi) अनुस्मारक | (च) पुनरुक्ति प्रकाश |
| | (छ) उड़ीसा |
| | (ज) हाथ गर्म करना |

प्र.4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए – (1×7=7)

(i) चंपा क्या छुपा देती है?

(ii) ओज गुण में कौन–कौन से रस आते हैं? (कोई दो)

(iii) 'भारत मित्र' के संपादक का नाम लिखिए।

(iv) जामुन का पेड़ कहां गिरा था?

(v) विज्ञापन लेखन में ध्यान देने योग्य एक विंदु लिखिए।

(vi) आशा पूर्णा देवी की रचना का नाम क्या है?

(vii) रामवृक्ष बेनीपुरी की डायरी का नाम क्या है?

प्र.5 निम्नलिखित कथनों में से चयनकर सत्य/असत्य लिखिए – (1×6=6)

(i) पाश समकालीन पंजाबी साहित्य के महत्त्वपूर्ण कवि माने जाते हैं।

(ii) दोहा को उल्टा करने पर रोला छंद बनता है।

(iii) मियां नसीरूदीन ने पंच हजारी अंदाज में सिर हिलाया।

(iv) ऑफीशियल लेंग्वेज को राष्ट्रभाषा कहते हैं।

(v) कुमार गंधर्व ने कबीर के पदों का गायन किया है।

(vi) जनसंचार माध्यमों का समाज पर केवल सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

प्र.6 निर्गुण भक्ति धारा की दो विशेषताएं लिखिए एवं दो कवियों के नाम लिखिए। (2)

<u>अथवा</u>

रीतिकाल को श्रृंगारकाल क्यों कहा गया है?

प्र.7 . अपना घर से क्या तात्पर्य है? इसे भूलने की बात क्यों कही गई है? (2)

<u>अथवा</u>

चंपा को किस बात पर अचरज होता है और क्यों?

प्र.8 प्रबंध काव्य और मुक्तक काव्य में अंतर लिखिए। (कोई दो) (2)

<u>अथवा</u>

महाकाव्य और खंडकाव्य में अंतर लिखिए। (कोई दो)

प्र.9 वक्रोक्ति अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (2)

<u>अथवा</u>

दोहा छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.10 नाटक और एकांकी में अंतर लिखिए। (कोई 2) (2)

अथवा

रेखाचित्र और संस्मरण में अंतर लिखिए। (कोई 2)

प्र.11 'रजनी' पटकथा पढकर आपको क्या संदेश मिलता है? लिखिए। (2)

अथवा

'भूलो' की जगह दूसरा कुत्ता क्यों लाया गया? उसने फिल्म के किस दृश्य को पूरा किया?

प्र.12 'चरित्र सबसे बड़ा धन है', विषय पर भाव–विस्तार कर लिखिए। (2)

अथवा

पुस्तकों की दुकान का एक विज्ञापन बनाकर लिखिए।

प्र.13 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए – (2)

(i) 'रामचरितमानस' सबसे श्रेष्ठतम ग्रंथ है।

(ii) आपका स्वास्थ्य अब कैसा है।

अथवा

निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कर लिखिए –

(i) पूर्णमासी का चांद

(ii) फूले न समाना

प्र.14 कुई की चिनाई कितने तरीकों से की जाती है? (2)

अथवा

बेबी हालदार ने सर्वप्रथम चिट्ठी किसे और क्यों लिखी?

प्र.15 पीत पत्रकारिता किसे कहते हैं? लिखिए। (2)

अथवा

डायरी लेखन की दो महत्त्वपूर्ण विशेषताएं लिखिए।

प्र.16 मीराबाई **अथवा** भवानी प्रसाद मिश्र का साहित्यिक परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिए – (3)

(i) दो रचनाएं

(ii) कलापक्ष

(iii) साहित्य में स्थान

प्र.17 मन्नू भंडारी **अथवा** बालमुकुन्द गुप्त का साहित्यिक परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिए – (3)

(i) दो रचनाएं

(ii) भाषा–शैली

(iii) साहित्य में स्थान

प्र.18 राजभाषा और राष्ट्रभाषा में तीन अंतर लिखिए। (3)

**<u>अथवा</u>**

निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तित करके लिखिए –

(i) गणित का प्रश्न पत्र बहुत कठिन है। (बिना अर्थ बदले निषेधवाचक वाक्य)

(ii) ढोलक की आवाज उसे उत्साहित करती है। (प्रश्नवाचक वाक्य)

(iii) गोपाल आज इंदौर गया। (संदेहवाचक वाक्य)

प्र.19 निम्नलिखित अपठित गद्यांश **अथवा** काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उनके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (3)

मनुष्य के जीवन का जितना अंश नीति, शिक्षा, आचार आदि सामाजिक संहिताओं के संपर्क में आता है, उतना ही समाज द्वारा शासित माना जाएगा। समाज यदि मनुष्यों के समूह का नाम नहीं है, तो मनुष्य भी केवल क्रियाओं का संघात नहीं है। दोनों के पीछे सामूहिक तथा व्यक्तिगत इच्छा, हर्ष, विषाद आदि की प्रेरणा रहती है। आचरण को सेना के समान कवायद सिखा देना ही जीवन नहीं है, वरन् कर्म को प्रेरित करने वाले मनोविकारों के उद्‌गम खोजकर उनमें विकास की अनुकूलता पा लेना जीवन का लक्ष्य है।

**प्रश्न –**

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सटीक, सार्थक शीर्षक लिखिए।

(ii) मनुष्य अपने जीवन में किनके संपर्क में आता है?

(iii) जीवन का लक्ष्य क्या है?

**अथवा**

बस कागजी घुड़दौड़ मे है आज इति कर्त्तव्यता,
भीतर मलिनता हो भले ही, किंतु बाहर भव्यता,
धनवान ही धार्मिक बनें यद्यपि अधर्मासक्त हैं,
हैं लाख में दो चार सुहृदय, शेष बगुलाभक्त है।

**प्रश्न –**

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सटीक, सार्थक शीर्षक लिखिए।

(ii) कर्त्तव्य की समाप्ति किसे समझा जाता है?

(iii) अधर्मी किस आधार पर धार्मिक बन गए हैं?

प्र.20 निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ संदर्भ, प्रसंग एवं काव्य सौन्दर्य सहित लिखिए – **(4)**

आज उनके स्वर्ण बेटे,
लगे होंगे उन्हें हेटे,
क्योंकि मैं उनपर सुहागा,
बंधा बैठा हूं अभागा।

**अथवा**

न हो कमीज़ तो पांवों से पेट ढंक लेंगे,
ये लोग कितने मुनासिब हैं इस सफ़र के लिए।

प्र.21 निम्नलिखित गद्यांश की व्याख्या संदर्भ, प्रसंग तथा विशेष सहित लिखिए – **(4)**

मियां नसीरूद्दीन की आँखें लम्हा–भर को किसी भट्टी में गुम हो गई। लगा गहरी सोच में हैं – फिर सिर हिलाया – 'क्या आँखों के आगे चेहरा जिंदा हो गया!' हाँ हमारे वालिद साहिब मशहूर थे मियां बरकत शाही नानबाई गढ़ैया वाले के नाम से और उनके वालिद यानी कि हमारे दादा साहिब थे आला नानबाई मियां कल्लन।

**अथवा**

धनराम की संकोच, असमंजस और धर्म–संकट की स्थिति से उदासीन मोहन संतुष्ट भाव से अपने लोहे के छल्ले की त्रुटिहीन गोलाई को जाँच रहा था। उसने धनराम की ओर अपनी कारीगरी की स्वीकृति पाने की मुद्रा में देखा। उसकी आँखों में एक सर्जक की चमक थी, जिसमें न स्पर्धा थी और न ही किसी प्रकार की हार–जीत का भाव।

**प्र.22** अपने विद्यालय के प्राचार्य को एक आवेदन पत्र लिखिए. जिसमे शाला मे क्रिकेट मैच करवाने का निवेदन हो। (4)

<u>अथवा</u>

अपनी माता जी को एक पत्र लिखिए. जिसमे उनकी कुशलक्षेम पूछिए तथा परीक्षा की तैयारी मे और परीक्षा काल में किस प्रकार का आहार लें उसकी जानकारी प्राप्त करें।

प्र.23 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर रूपरेखा बनाकर सारगर्भित निबंध लिखिए – (4)

(i) श्रम का महत्त्व

(ii) कम्प्यूटर की उपयोगिता

(iii) मेरे सपनों का भारत

(iv) बुजुर्गों की देखभाल

(v) जीवन में अनुशासन

---